आ0सं0:–भवन–13 / अभि0प्र0(नि0)–03–निलंबन / कालीकृत–07 / 2024............................दिनांक–

बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग

# सकारण आदेश

बिहार विद्यालय, परीक्षा समिति, पटना के फेज–II के अन्तर्गत सिन्हा लाईब्रेरी रोड स्थित मुख्य भवन के परिसर में स्थित प्रशासनिक भवन के छत के पर प्री–फैब Structure का एक अतिरिक्त तल का निर्माण कार्य से संबंधित निविदा में फर्जी / जाली दस्तावेज अपलोड करने कारण मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि०, पटना के पत्रांक–2577 दिनांक–05.07.2024 द्वारा संवेदक, M/s Want Media Solution, Village-Yamunapur, PO- Alawalpur, P.S-Gaurichak, Dist-Patna-803203 को दोषी मानते हुए इनके विरूद्ध बिहार ठेकेदारी निबंधन नियमावली–2007 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई करने की अनुशंसा की गयी।

उक्त अनुशंसा के आलोक में दिनांक–13.09.2024 को अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव की अध्यक्षता में कालीकरण / निलंबन कालीकृत संबंधी बैठक हुई, जिसमें समिति द्वारा संवेदक से स्पष्टीकरण पूछने का निर्णय लिया गया है । तदालोक में विभागीय पत्रांक–8348(भ) दिनांक–17.10.2024 द्वारा संवेदक से स्पष्टीकरण की मांग की गयी। उक्त स्पष्टीकरण का जवाब संवेदक से प्राप्त है।

पुनः दिनांक–17.12.2024 को अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव की अध्यक्षता में कालीकरण / निलंबन कालीकृत संबंधी बैठक हुई, जिसमें संवेदक के स्पष्टीकरण पर विचार किया गया । विचारोपरांत समिति द्वारा संवेदक के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए उनके निबंधन को दो वर्षो के लिए निलंबित करने का निर्णय लिया गया ।

संवेदक, M/s Want Media Solution, Village-Yamunapur, PO- Alawalpur, P.S-Gaurichak, Dist-Patna-803203 का निबंधन संख्या–BCD-Class-II/2230314 को बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली–2007 के नियम–11(vii) के तहत विभागीय पत्रांक–77(भ) दिनांक–02.01.2025 द्वारा आदेश निर्गत होने की तिथि से दो वर्षों के लिए निलंबित किया जाता हैं ।

उक्त आदेश के विरूद्ध संवेदक द्वारा अधोहस्ताक्षरी के समक्ष एक अपील अभ्यावेदन दिनांक–19.03.2025 को समर्पित किया गया ।

पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के अधिसूचना संख्या–5737(s) दिनांक–07.05.2007 के कंडिका–11(घ) में अंकित है कि दिये **गये दण्ड के विरूद्ध संवेदक द्वारा तीस दिनों के अंदर आयुक्त एवं सचिव के समक्ष अपील दायर किया जाना है ।**

उल्लेखनीय है कि संवेदक द्वारा निर्धारित समय–सीमा के अंदर अपील अभ्यावेदन समर्पित नहीं किया गया हैं ।

अतएव दिये गये दण्ड के विरूद्ध संवेदक द्वारा समय–सीमा अंदर अपील दायर नहीं किये जाने के कारण उनसे प्राप्त अपील अभ्यावेदन को अस्वीकृत किया जाता है। ।

ह0 / –

**(कुमार रवि)**

सरकार के सचिव।

ज्ञापांक–भवन–13 / अभि0प्र0(नि0)–03–निलंबन / कालीकृत–07 / 2024........................ पटना,दिनांक–

स्पीडपोस्ट

प्रतिलिपिः–संवेदक, M/s Want Media Solution, Village-Yamunapur, PO-Alawalpur, P.S-Gaurichak, Dist-Patna-803203 का निबंधन संख्या–BCD-Class-II/2230314 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –

सरकार के सचिव।

ज्ञापांक–भवन–13 / अभि0प्र0(नि0)–03–निलंबन / कालीकृत–07 / 2024........................पटना,दिनांक–

प्रतिलिपिः–सचिव के आप्त सचिव, भवन निर्माण विभाग / पथ निर्माण विभाग / जल संसाधन विभाग / लोक स्वास्थय अभियंत्रण विभाग / नगर विकास विभाग / ऊर्जा विभाग / ग्रामीण कार्य विभाग / प्रबंध निदेशक बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना / मुख्य महाप्रबंधक(परियोजना), बिहार चिकित्सा सेवायें एवं आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार, प्रथम तल, उद्योग भवन, पूर्वी गाँधी मैदान, पटना / सभी मुख्य अभियंता, भवन निर्माण विभाग / सभी अधीक्षण अभियंता / सभी कार्यपालक अभियंता,भवन निर्माण विभाग / मुख्य अभियंता योजना एवं विकास विभाग / मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0 / –

सरकार के सचिव।

ज्ञापांक– भवन–13 / अभि0प्र0(नि0)–03–निलंबन / कालीकृत–07 / 2024 3770(भ) पटना,दिनांक– 29/4/25

प्रतिलिपिः–आई0 टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

29/4/25

सरकार के सचिव।